राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 16 दिसम्बर। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की विजय के 50 वर्ष पूर्ण होने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विजय दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने भारत-पाक युद्ध के शहीदों को जयपुर में अमर जवान ज्योति पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि प्रदान की तथा युद्ध में भाग लेने वाले सेनानियों एवं शहीदों के परिवार को सम्मानित करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर बांग्लादेश के निर्माण में भागीदारी निभाने वाले सेनानियों का सम्मान किया।

प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर कांग्रेस द्वारा आयोजित विजय दिवस समरोह के तहत् 1971 के भारत-पाक युद्ध में भाग लेने वाले शहीदों को कांग्रेसजनों द्वारा श्रृद्धांजलि अर्पित की गई तथा बांग्लादेश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेनानियों को सम्मानित किया गया। साथ ही शहीद सैनिकों के परिजनों को भी समारोह में सम्मानित किया गया।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 16 दिसम्बर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री हरिदेव जोशी की जयंती एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री गिरधारीलाल व्यास की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार, 17 दिसम्बर, 2021 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter